वर्द्धमान News
Digital Edition
शिक्षा का उजियारा
ब्यावर, 6 अक्टूबर 2025, सोमवार
Email : vardhmannewsbwr@gmail.com
मूल्य : निःशुल्क









नाज़ में मनाया विजयदशमी पर्व

सामाजिक विकारों रूपी रावण का किया दहन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की रक्षा , संस्कृति संस्कार, उत्कृष्ट जीवनशैली, राष्ट्र निर्माण इत्यादि विषयों पर समय समय पर छात्राओं को जागरूक ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से अनेक नवाचार स्थापित किये जा रहे है।

दशानन के दस सिर बने कौतूहल...

श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज़) सेंदड़ा रोड़ स्थित विद्यालय परिसर में सांकेतिक रूप से विजयदशमी पर्व एक अनूठे अंदाज में मनाया गया। यहां का रावण का पुतला एवं उसके दस सिर बड़े ही कौतूहल का केंद्र बने रहे। भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नशाखोरी, बेरोजगारी ,सांप्रदायिकता,महंगाई, महिला उत्पीड़न ,दहेज पर्यावरण विनाश एवं अशिक्षा जैसी 10 बुराइयों को केंद्रित करते हुए दशानन के 10 सिर दर्शाए गए।

बुराइयों के दहन हेतु दिलवाई शपथ..

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने रावण दहन से पूर्व समस्त विद्यार्थियों को अनेक तरह की बुराइयों से बचने हेतु शपथ दिलवाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में संदेश दिया कि रावण वध मात्र एक पुतले का दहन करके प्रतिकात्मक ना हो, बेहतर विकल्प यह है इस दिवस हम समाज में व्याप्त बुराईयो ओर विकारों को खत्म करने का संकल्प ले। साथ ही समाज मे व्याप्त विकारों के कारण हमारा सामाजिक सांस्कृतिक पतन हो रहा है उसको बचाने में विद्यार्थी वर्ग नव राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देवें। नाज़ स्कूल की प्रिंसिपल निवेदिता पाठक ने बताया हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ हमारे सांस्कृतिक ओर सामाजिक जीवनशैली अपनाने पर प्रत्येक पर्व पर नवाचार के माध्यम से प्रकल्प आयोजित किए जाते है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। नाज़ स्कूल बैंड ने अपनी संगीतमय धुनों से प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान एवं आगंतुक अतिथियों की अगुवानी की गई।

राम ने चलाया अग्नि बाण, दहन हुआ रावण..

नाज़ स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रभु श्रीराम, सीता मां,लक्ष्मण, एवं हनुमान का मनमोहक स्वरूप धरा।

प्रभु श्रीराम ने धनुष की प्रत्यंचा पर अग्निबाण का संधान करके रावण की नाभि में छोड़ते ही अहंकारी अनूठा रावण धुं धुं करके जलने जलने लगा। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी की गई। कुछ ही पलों में विशालकाय रावण का पुतला जल कर भस्म हो गया। रावण दहन होते ही वहां उपस्थित अतिथियों, विद्यालय स्टाफ एवं स्कूल के बच्चों ने प्रभु श्री राम के जयघोष से परिसर को गुंजायमान कर दिया।



समारोह में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, सह मंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रकाशचंद गदिया, दीपचंद कोठारी, उत्तमचंद देरासरिया, प्रिंस ओस्तवाल, राजेंद्र गर्ग , राजेश झवर, भंवरलाल गोठी स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, नाज़ स्कूल उप प्राचार्य नागेश राठौड़, कार्यक्रम संयोजक अजय चौधरी, एवं नाज़ स्कूल स्टाफ, समिति प्रबंधक नेहा जैन, खुशी भाटी, पीआरओ बबलू अग्रवाल उपस्थित रहे।

उतारी विजय आरती...

रावण दहन के पश्चात प्रभु श्रीराम माता सीता को अशोक वाटिका से लेकर पधारे। उनके साथ भ्राता लक्ष्मण एवं वीर हनुमान की विजय आरती उतारी गई। समस्त आगंतुकों को प्रसाद वितरित किया गया।



वर्द्धमान रूट्स में ग्रैंड गरबा सेलिब्रेशन

ताल,नृत्य,संस्कृति संग थिरके तीन पीढ़ियों के गरबा कदम...




























श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल(वर्द्धमान रूट्स) द्वारा आयोजित भव्य गरबा कार्यक्रम में दादी, पापा,मम्मी एवं उनके बच्चों (तीन पीढ़ी) के कदम एक साथ थिरके। वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के प्रांगण में सजे आकर्षक पांडाल एवं डिजिटल साउंड सिस्टम पर स्कूल के नन्हे बच्चे एवं उनके अभिभावक एक से बढ़कर एक आकर्षक गरबा परिधान में सज धज कर आए एवं सबने अलग अलग राउंड में अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति दी।

गरबा उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी पंकज जी शाह (पिपलिया कला) रहे। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं वर्द्धमान रूट्स प्राचार्या श्वेता नाहर ने मुख्य अतिथि पंकज शाह का माला, बुके, साफा, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर समिति के एम गौतमचंद बोहरा(चेन्नई), देवराज लोढा, सुनील ओस्तवाल, शांतिलाल नाबरिया, अरविंद मूथा ,दीपचंद कोठारी, प्रवीण खेतपालिया, प्रकाश चंद गदिया, विशाल नाहटा (चेन्नई), रमेश यादव आदि ने भी मुख्य अतिथि का मोतियों की माला पहना कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि पंकज शाह ने अपने उद्बोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है कि इस कार्यक्रम को देखने का अवसर मिल पाया। आज का कार्यक्रम देखकर मुझे मेरे बचपन की स्मृतियां ताजा हो गई। काश हमारे समय में भी इस तरह की स्कूल एवं इस तरह के आयोजन होते तो हम भी बड़ी मस्ती कर पाते। बचपन की स्मृतियां एवं संस्कार पूरे जीवन पर बनी रहती है। तीन पीढ़ियों के इस कार्यक्रम को देखकर बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि आज के समय में बच्चों को रिश्तों की अहमियत समझाने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिसर रंगीन रोशनी, सजावट और उमंगों से सराबोर था। यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन का मंच नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने का भी एक सुंदर अवसर बना।

कार्यक्रम की शुरुआत मां अम्बे के दरबार के समक्ष दीप प्रज्जवन करके हुई। सर्वप्रथम बच्चों के सोलो राउंड हुआ जहाँ नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने अपनी मासूमियत और आत्मविश्वास से सबका दिल जीत लिया। इसके बाद पांडाल में बच्चों की माताओं ने शानदार प्रस्तुति दी।

फिर आया सबसे भावुक और मनमोहक पल—माँ और बच्चे का डुएट। इस राउंड में रिश्तों की मिठास, प्यार और अपनापन हर किसी के मां को मोह लिया।

इसके बाद पांडाल में उतरे पिताजी, जिनके सोलो प्रदर्शन में अनुशासन, ऊर्जा और गज़ब का आत्मविश्वास झलक उठा।

और अंत में, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मंच पर पधारी बच्चों की दादियाँ, जिन्होंने अपने अनुभव और आशीर्वाद से पूरे कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

यह आयोजन सचमुच एक परिवारिक उत्सव बन गया, जिसमें कला, संस्कृति और रिश्तों की खूबसूरती एक साथ झलक उठी।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका निभाई लघु उद्योग भारती महिला विंग की अध्यक्षा अर्पिता शर्मा, श्रीमति वंदना शर्मा, रवि सर ने निभाई।

विभिन्न वर्ग में हुए गरबा कार्यक्रम के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

किड्स राउंड (प्ले ग्रुप एंड नर्सरी) में प्रथम कृयांश उपाध्याय, द्वितीय हार्दिक, तृतीय अद्विका रहे।

किड्स राउंड (एलकेजी, एचकेजी) में प्रथम जहान्वी सोनी, द्वितीय ख्वाहिश खन्ना, तृतीय राजनंदनी सोनी रही।

ग्रांड मदर राउंड में प्रथम सीमा अग्रवाल, द्वितीय मंजू शर्मा रही।

मदर राउंड में प्रथम आकांशा, द्वितीय समीक्षा बंसल, तृतीय कशिश तिलोकानी रही।

मदर किड्स राउंड में प्रथम खुशबु भाटी एवं शनाया भाटी, द्वितीय मोनिका सबलानी एवं वेदांश सबलानी रही।

इस कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न तरह के लज़ीज़ व्यंजनों की स्टॉल्स भी लगाए गए, जिसका समस्त आगंतुकों ने भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथिगणों, समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं विद्यालय स्टाफ मेंबर्स एवं आगंतुक अभिभावकों ने मां जगदम्बे की आरती उतारी एवं प्रसाद ग्रहण किया।

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में खनके डांडिया..

चटक रंग के आकर्षक परिधान, हाथों में खनकती चूड़ियां और डांडिया के सुरों की आवाज

हर कोई डांडिया खेलने में मशगूल और हर कोई वर्द्धमान डांडिया नाइट 2025 का आनन्द उठाने में लगा हुआ था। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य ग्रैंड वर्द्धमान डाँडिया नाइट-2025 का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ए वन टी वी जयपुर के चैनल हेड अनिल लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष एम. गौतम चंद बोहरा, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा द्वारा माँ अम्बे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर गरबा महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं महाविद्यालय प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण, उपरना, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। महाविद्यालय परिसर इस अवसर पर रंगीन रोशनी, सजावट और उमंगों से सराबोर था। रंग बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने तालबद्ध नृत्य से पंडाल को ऊर्जा और उल्लास से भर दिया।अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने बताया कि गरबा कार्यक्रम विभिन्न चरणों एक ताली गरबा राउण्ड, पाचिया, जनरल राउण्ड आदि के साथ चला। इसमें रंग बिरंगे एवं पारंपरिक परिधानों में सजी महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं जिले की महिलाओं द्वारा पूरे उल्लास एव उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों ने भी माता के दरबार में मधुर संगीत पर पूरे जोश, उमंग और उत्साह से मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम में सीए नंदिनी गोयल व मीनाक्षी बजाज नें निर्णायक की भूमिका निभाते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रतियोगिता के नतीजे घोषित करते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही डांडिया क्वीन खिताब चक्षु गहलोत, एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर रिमझिम साहू एवं द्वितीय स्थान पर रिद्धिमा भाटी रही। पाचिया राउंड में प्रथम स्थान अदिशी जैन एवं प्राची जैन ने प्राप्त किया। बेस्ट आउटसाइडर डांसर राउण्ड में निकिता अग्रवाल ने प्रथम एवं प्राची जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट कॉस्ट्यूम हेतु जया परिहार चुनी गई समस्त विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में वर्द्धमान शिक्षण समिति के सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा प्रबंधकारिणी सदस्य शांतिलाल नाबरिया, गौतमचन्द गोखरू, उत्तमचंद देरासरिया, प्रकाशचंद गदिया, प्रवीण खेतपालिया, दीपचन्द कोठारी, अरविन्द मुथा, सदस्य चन्दूलाल कोठारी, सुरेश चन्द कांकरिया, वैभव सकलेचा, विशाल नाहटा, वरिष्ठ पत्रकार विमल चौहान, राजेन्द्र गर्ग, अतुल बंसल, मूलचन्द खारीवाल, कन्हैयालाल पंजाबी, सुनीता नाबरिया, शशि पारख, शिवांगी पारख एवं जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन निधि पंवार ने किया। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

वर्द्धमान रूट्स गरबा फोटो फीचर्स











वर्द्धमान गरबा में छाई नृत्यांजलि...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित डांस एकेडमी नृत्यांजलि में प्रशिक्षण लेने वाले छात्राओं की धूम रही। नृत्यांजलि में कॉलेज की छात्राओं एवं आउटसाइडर्स के लिए गरबा क्लासेस रखी गई थी जिसमें नृत्यांजलि की प्रशिक्षिका कनिका अग्रवाल ने समस्त प्रतिभागियों को गरबा नृत्य के स्टेप सिखाए। वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज द्वारा आयोजित डांडिया नाइट 2025 में नृत्यांजलि में प्रशिक्षण लेने वाली पूर्व छात्रा चक्षु गहलोत ने डांडिया क्वीन का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट आउटसाइडर्स राउंड में निकिता अग्रवाल प्रथम रही। नृत्यांजलि की रिद्धिमा भाटी ने एकल नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता निकिता अग्रवाल एवं उपविजेता रिद्धिमा भाटी ने अपनी सफलता का श्रेय नृत्यांजलि की प्रभारी कनिका अग्रवाल को दिया। इस अवसर पर समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने समस्त प्रतिभागियों एवं विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।













वर्द्धमान परिवार द्वारा उद्योगपति पंकज शाह का बहुमान















वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में आयोजित गरबा महोत्सव के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी पंकज शाह(पी जी फाइल्स,पिपलिया कला) ने अपने उद्बोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है कि इस कार्यक्रम को देखने का अवसर मिल पाया। आज का कार्यक्रम देखकर मुझे मेरे बचपन की स्मृतियां ताजा हो गई। काश हमारे समय में भी इस तरह की स्कूल एवं इस तरह के आयोजन होते तो हम भी बड़ी मस्ती कर पाते। बचपन की स्मृतियां एवं संस्कार पूरे जीवन पर बनी रहती है। तीन पीढ़ियों के इस कार्यक्रम को देखकर बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि आज के समय में बच्चों को रिश्तों की अहमियत समझाने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है।

श्रीमान पंकज जी शाह की धर्मसहायिका तपस्विनी श्रीमती मंजू जी शाह के 36 उपवास की अनुमोदना करते हुए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पदाधिकारियों ने माला,साफा, उपरणा, स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का बहुमान किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, एम गौतमचंद बोहरा(चेन्नई), देवराज लोढा, सुनील ओस्तवाल, शांतिलाल नाबरिया, अरविंद मूथा ,दीपचंद कोठारी, प्रवीण खेतपालिया, प्रकाश चंद गदिया, विशाल नाहटा (चेन्नई), रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने में मददगार है आयुर्वेद..वैद्याचार्य डॉ. योगेश गर्ग

युवा वैद्याचार्य डॉ.योगेश गर्ग का वर्द्धमान परिवार ने किया अभिनंदन

आयुर्वेद (आयुः + वेद ; शाब्दिक अर्थ : आयु का वेद)





आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। इस चिकित्सा पद्धति से प्राचीन काल में तो उपचार किया जाता था लेकिन वर्तमान काल में पुनः एक बार फिर से आयुर्वेद चिकित्सा का रुझान एवं विश्वास बढ़ रहा है। ये कहना है युवा वैद्याचार्य डॉ योगेश गर्ग का। इन्होंने बेहद कम उम्र में प्रदेश स्तरीय पहचान बनाई है।

आज वर्द्धमान कैंपस में उनके आगमन पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं समिति के प्रमुख सदस्यों द्वारा माला, उपरणा, एवं बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर समिति के प्रबंधकारिणी सदस्य दीपचंद कोठारी, उत्तमचंद देरासरिया, विशाल नाहटा (चेन्नई), वैभव सकलेचा, पीआरओ बबलू अग्रवाल, समिति कार्यालय प्रबंधिका नेहा जैन, खुशी भाटी, ईशान सांखला, राहुल मौर्य उपस्थित रहे।

आगामी दिनों में समिति द्वारा बालिकाओं एवं युवतियों के लिए जागरूकता के तहत आयुर्वेद के प्रति बढ़ता रुझान एवं विश्वास एक परिचर्चा आयोजित की जाएगी। आगामी पुष्य नक्षत्र के पावन दिवस पर वर्द्धमान रूट्स के चयनित छोटे बच्चों के लिए अमृत माने जाने वाली आयुर्वेदिक औषधि का निःशुल्क आचमन करवाया जाएगा।

युवा वैद्याचार्य डॉ.योगेश गर्ग ने श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय एवं खेतपालिया स्किल डवलपेंट बिल्डिंग का अवलोकन करके बड़ी प्रसन्नता जाहिर की एवं उन्होंने आयुर्वेद के प्रसार हेतु आगामी दिनों में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता निभाने हेतु श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति का आभार जताया।

